@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 17 मार्च 2026

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 131 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# पश्चिम एशिया तनाव के बीच एलपीजी लेकर पहुंचा पहला भारतीय जहाज शिवालिक

**● शिवालिक करीब 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर पहुंचा है, जो लगभग 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है।**

**एजेंसी**

**गांधीनगर** । पश्चिम एशिया की तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारतीय जहाज शिवालिक एलपीजी कैरियर गुजरात स्थित मुंद्रा पोर्ट पहुंच चुका है। यह कतर से गैस लेकर भारत पहुंचा है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा, जिसकी जानकारी पहले ही शिपिंग मंत्रालय ने प्रेस से साझा कर दी थी। शिवालिक करीब 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर पहुंचा है, जो लगभग 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। सोमवार को भारत सरकार के मंत्रालयों की प्रेस ब्रीफिंग में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया, 'शिवालिक एलपीजी कैरियर, जो फारस की खाड़ी से रवाना हुआ था, होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत पहुंचा। ' इसके साथ ही सिन्हा ने विश्वास दिलाया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, 'पिछले 24 घंटों में किसी तरह की घटना की सूचना नहीं मिली है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। हर जहाज और उसके क्रू मेंबर के साथ संपर्क बना हुआ है। फारस की खाड़ी में होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में अभी भी भारत के झंडे वाले 22 जहाज मौजूद हैं, जिन पर 611 भारतीय नाविक सवार हैं। ' सिन्हा ने बताया कि यूएई से चली शिप 17 मार्च तक क्रूड लेकर भारत पहुंच जाएगी।



उन्होंने कहा, 'भारतीय झंडा वाले जहाज 'जग लाडकी' ने 14 मार्च को यूएई से रवाना होकर करीब 81 हजार टन मुरबान कच्चा तेल लेकर भारत की ओर यात्रा शुरू की है। जहाज और उस पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। यह जहाज कल मुंद्रा बंदरगाह पहुंच जाएगा। '

# एपस्टीन से जोड़ने वाली खबरों पर हिमायनी पुरी का एक्शन

**● दिल्ली हाईकोर्ट में 10 करोड़ का मानहानि मुकदमा**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी की बेटी हिमायनी पुरी ने दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। उन्होंने मुकदमा दायर कर जेफरी एपस्टीन से जोड़ने वाले ऑनलाइन समाचार रिपोर्ट्स, पोस्ट्स, वीडियो और अन्य सामग्री को हटाने की मांग की है। हिमायनी पुरी ने हर्जाने के तौर पर 10 करोड़ रुपए की मांग की। दिल्?ली हाई कोर्ट इस मामले की सुनवाई मंगलवार यानी 17 मार्च को कर सकता है। हिमायनी पुरी ने याचिका में कहा है कि इंटरनेट पर प्रसारित कई पोस्ट और रिपोर्ट्स में यह गलत दावा किया गया है कि उनका जेफरी एपस्टीन या उसकी आपराधिक गतिविधियों से किसी प्रकार का वित्तीय या नेटवर्क संबंध रहा है। उन्होंने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि




ऐसी सामग्री उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रही है। याचिका में कहा गया है कि इस तरह की झूठी जानकारी के प्रसार से उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और इससे समाज में उनकी छवि प्रभावित हुई है। याचिका में हिमायनी पुरी ने हर्जाने के रूप में 10 करोड़ रुपए की मांग की है। उन्होंने अदालत से यह भी आग्रह किया है कि संबंधित पक्षों को भविष्य में इस तरह के आरोपों को दोहराने या प्रकाशित करने से रोका जाए।

हिमायनी पुरी ने कई सोशल मीडिया कंपनियों और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा की भी मांग की है। याचिका में दुनिया भर के विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर प्रकाशित उन सभी पोस्ट, लेखों और वीडियो को हटाने के निर्देश देने की अपील की गई है, जिनमें उनका नाम एपस्टीन से जोड़ा गया है।

**पश्चिम बंगाल विस चुनाव**

# वाम मोर्चा ने 192 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर वाम मोर्चा ने 192 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की पहली सूची सोमवार को जारी कर दी है। वाम मोर्चा के अध्यक्ष विमान बोस ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सूची में माकपा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, फारवर्ड ब्लॉक, आरएसपी सहित सहयोगी दलों के बीच सीटों का बंटवारा दिखाई देता है।

माकपा के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने नाटाबाड़ी और तुफानगंज सीटों पर बाद में संशोधन की जानकारी भी दी। घोषित सूची से स्पष्ट है कि माकपा ने सबसे अधिक सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि फारवर्ड ब्लॉक, आरएसपी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को भी महत्वपूर्ण सीटें दी गई हैं। उत्तर बंगाल की कई सीटों पर वाम मोर्चा ने अपने संगठन से जुड़े अनुभवी नेताओं को मैदान में उतारा है। इनमें प्रमुख रूप से सिलिगुड़ी से शरदिंदु चक्रवर्ती, जलपाईगुड़ी से देबराज बर्मन, रायगंज से जीवनानंद सिंह, बालुरघाट से अर्णब चौधरी और



गंगारामपुर से बिप्लब बर्मन शामिल हैं । कोलकाता और आसपास के शहरी क्षेत्रों में भी वाम मोर्चा ने पहचान वाले चेहरों को उम्मीदवार बनाया है। इनमें जादवपुर से विकास रंजन भट्टाचार्य, काशीपुर-बेलगछिया से राजिंदर गुप्ता, बेहाला पूर्व से निलय मजूमदार, बेहाला पश्चिम से निहार भक्त, कोलकाता पोर्ट से फैज खान शामिल हैं। इसके अलावा दक्षिण 24 परगना और तटीय क्षेत्रों में भी वाम मोर्चा ने अपने पारंपरिक वोट आधार को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार उतारे हैं। सागर से स्वपन सिंह, काकद्वीप से नारायण दास और रायदीघी से साम्य गांगुली को टिकट दिया गया है। वहीं, जंगलमहल और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भी वाम मोर्चा ने अपने जनाधार वाले नेताओं को टिकट दिया है। झाड़ग्राम से अर्जुन महतो, केशियारी से मलिना मुर्मू, बिनपुर से रबी सिंह सरदार और रानीबांध से देबलीना हेम्ब्रम को उम्मीदवार बनाया गया है।

इसके साथ ही, आसनसोल और दुर्गापुर औद्योगिक क्षेत्र में भी वाम मोर्चा ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। आसनसोल दक्षिण से शिल्पी चक्रवर्ती, दुर्गापुर पूर्व से सीमांत चटर्जी और दुर्गापुर पश्चिम से प्रभास साई को टिकट दिया गया है।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत पहुंचे मप्र, माँ पीताम्बरा पीठ में की पूजा अर्चना


**एजेंसी**

**दतिया/भोपाल।** असम राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा सोमवार को मध्य प्रदेश के दतिया पहुंचे। यहां उन्होंने प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ पीताम्बरा पीठ में पूजा अर्चना कर श्री वनखण्ड़ेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। असम राज्य के मुख्यमंत्री सरमा विमान से सोमवार को दोपहर में अल्प प्रवास पर दतिया पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीरशरण कुशवाहा, कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने उनकी अगवानी की। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सरमा एयरपोर्ट से सीधे माँ पीताम्बरा पीठ पहुंचे और पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने श्री वनखण्ड़ेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। इस दौरान उनके साथ जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी साथ रहे।

# राजधानी दिल्ली से हटाई गई ग्रैप -1 की पाबंदियां, एक्यूआई 119 हुआ दर्ज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता में सुधार के बाद, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान(ग्रैप) के चरण एक की पाबंदियां तत्काल प्रभाव से हटा दी हैं। 14 अक्टूबर 2025 को लागू की गई इन पाबंदियों के हटने से निर्माण कार्यों, डस्ट कंट्रोल और वाहनों से संबंधित नियमों में राहत मिली है। हालांकि, एजेंसियों को वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) पर नज़र रखने को कहा गया है। सोमवार को आयोग ने जारी अपने निर्देश में कहा कि दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में गिरावट को देखते हुए, सीएक्यूएम की जीआरपी उप-समिति द्वारा 14.10.2025 को लागू ग्रैप चरण-ढ्ढ की पाबंदियों को हटाने का फैसला किया है। आयोग ने बताया कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी दैनिक एक्यूआई बुलेटिन के अनुसार, सोमवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 119 (मध्यम श्रेणी) रहा, जो स्पष्ट रूप से सुधार दर्शाता है। इसके साथ भारत मौसम विभाग और आईआईटीएम द्वारा उपलब्ध कराए गए गतिशील मॉडल और मौसम संबंधी स्थितियों और वायु गुणवत्ता सूचकांक के पूर्वानुमानों के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली का औसत एक्यूआई मध्यम श्रेणी में रहने की संभावना जताई है। लिहाजा इन पाबंदियों को तुरंत प्रभाव से वापस लेने का फैसला किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई 200 के पार होने पर लागू होने वाले ग्रैप-1 (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) के तहत मुख्य पाबंदियों में कचरा व पत्तियां जलाने पर रोक, होटलों, ढाबों में कोयले-लकड़ी के प्रयोग पर पाबंदी, 500 वर्ग मीटर से




बड़े निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण, पुराने पेट्रोल (15+ साल)/डीजल (10+ साल) वाहनों पर सख्ती और डीजल जनरेटर के उपयोग को सीमित करना शामिल है।

# श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को खुलेंगे

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य में स्थित पवित्र तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 23 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। यह जानकारी श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने सोमवार को सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्धन से शिष्टाचार भेंट के दौरान दी है। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट ने वर्ष 2026 की तीर्थयात्रा के लिए कपाट खोलने की तिथि घोषित कर दी है। ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्धन से मुलाकात कर आगामी यात्रा सीजन की तैयारियों पर चर्चा की। विस्तृत विचार-विमर्श और मौजूदा मौसम परिस्थितियों के आकलन के बाद यह सहमति बनी कि पवित्र गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट (शनिवार) 23 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। ट्रस्ट के अनुसार इस वर्ष अपेक्षाकृत कम बर्फबारी के कारण यात्रा की शुरुआत अपेक्षाकृत जल्दी करने का निर्णय लिया गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से इस बार हिमपात कम हुआ है।

# देश के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं भारत के युवा : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट परिसर का भ्रमण कर विद्यार्थियों से किया संवाद**

**एजेंसी**

**गुना। केंद्रीय** संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि विद्यार्थी नवाचार, कौशल विकास तथा रचनात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। भारत के युवा देश के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और एफडीडीआई जैसे संस्थान उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहे हैं।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया सोमवार को मध्य प्रदेश के गुना स्थित डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई), परिसर के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर संस्थान की शैक्षणिक एवं तकनीकी सुविधाओं का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और अधिकारियों के साथ संवाद किया। सिंधिया ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया, जिनमें डिजाइनिंग, कटिंग, क्लोजिंग, कंपोनेंट तथा लास्टिंग लैब शामिल हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने फुटवियर



डिजाइन और उत्पादन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रदर्शन भी किया।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने उन्हें नवाचार, कौशल विकास तथा रचनात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवा साथियों से आग्रह किया कि आप केवल नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि जॉब क्रियेटर्स बनने का संकल्प लें और प्रधानमंत्री नरेन्द्र

**● संधिया ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया, जिनमें डिजाइनिंग, कटिंग, क्लोजिंग, कंपोनेंट तथा लास्टिंग लैब शामिल हैं।**

मोदी के मेक इन इंडिया एवं लोकल टू ग्लोबल के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अपनी भूमिका निभाएँ। एफडीडीआई के प्रबंध निदेशक विवेक शर्मा (आईआरएस) ने बताया कि एफडीडीआई देश के फुटवियर, फैशन, लेदर तथा रिटेल उद्योगों के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यकारी निदेशक मंजु मन ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में बताया कि एफडीडीआई गुना परिसर का उद्घाटन वर्ष 2017 में सिंधिया द्वारा किया गया था, जब वे भारत सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत थे। वर्तमान में यह परिसर क्षेत्र में डिजाइन तथा कौशल विकास के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया एफडीडीआई गुना परिसर में बी.डेस- फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन, बी.डेस-फैशन डिजाइन, एमबीए-रिटेल एंड फैशन मर्चेंडाइजिंग शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के पुरस्कारों की घोषणा

**एजेंसी**

**लखनऊ।** राज्य में संगीत, नृत्य, नाटक एवं लोक कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के लिए समर्पित संगीत नाटक अकादमी, उत्तर प्रदेश ने अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। नाटक एवं रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कलाकारों को बीएम शाह पुरस्कार और सफदर हाशमी पुरस्कार देने का भी एलान किया गया। अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने बताया कि संगीत नाटक अकादमी उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने एवं उसके संवर्धन में योगदान देने वाले कलाकारों को अकादमी पुरस्कारों से सम्मानित करती है। उन्होंने बताया कि अकादमी की ओर से वर्ष 2021 से लेकर वर्ष 2024 तक के चार वर्षों के अकादमी पुरस्कार के साथ नाटक एवं रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कलाकारों को बीएम शाह पुरस्कार और सफदर हाशमी पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि संगीत नाटक अकादमी, उत्तर प्रदेश की ओर से वर्ष 2021 के अकादमी पुरस्कार के लिए शास्त्रीय गायन के क्षेत्र में पं. दीनानाथ मिश्रा, लोक गायन के लिए श्रीकांत वैश्य, नक्कारा वादन के लिए कानपुर के प्रभु दयाल और शहनाई वादन के लिए वाराणसी के जवाहर लाल के नामों की घोषणा की गई। इस क्रम में रंगमंच निर्देशन के लिए भूमिकेश्वर सिंह, रंगमंच तकनीकी-प्रकाशन के लिए जगमोहन रावत, नौटंकी निर्देशन के लिए राजकुमार श्रीवास्तव एवं नाट्य लेखन के लिए विजय पंडित को सम्मानित किया जाएगा। कला उन्नयन के लिए मथुरा के मोहन स्वरूप भाटिया और वाराणसी की माला होम्बल के नामों का चयन किया गया है। नृत्य विधा में मथुरा,वृदांवन की भरतनाट्यम नृत्यांगना प्रतिभा शर्मा को पुरस्कार दिया जाएगा।

# उचित दस्तावेज़ होने पर कितनी भी राशि ले जा सकते हैं : अर्चना पटनायक

**20 घंटों में 1.26 करोड़ रुपये के नकद और सामान जब्त**

**एजेंसी**

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद पिछले 20 घंटों में 1.26 करोड़ रुपये के नकद और सामान जब्त किए गए हैं। यह जानकारी तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पट्नायक ने सोमवार को दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चेन्नई सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगी। हालांकि 31 मार्च और 3, 4, 5 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण इन दिनों नामांकन दाखिल नहीं किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच 7 अप्रैल को होगी और 9 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान 23 अप्रैल को होगा और मतगणना 4 मई को की जाएगी। चुनाव आचार संहिता 6 मई तक लागू रहेगी। अर्चना पट्नायक ने कहा कि 15 मार्च तक तमिलनाडु में कुल 5.69 करोड़ मतदाता हैं। पूरे राज्य में चुनाव की निगरानी के लिए 2,106 फ्लाइंग स्क्वॉड (उड़नदस्ता टीमें) बनाई गई हैं। मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं के मोबाइल फोन सुरक्षित रखने की भी व्यवस्था की जाएगी।




# 'आप' सरकार की 'काम करने की राजनीति' ने सिर्फ चार सालों में सभी गारंटियां पूरी की: मुख्यमंत्री मान

**कौमी पत्रिका**

चंडीगढ़, 16 मार्च। आम आदमी पार्टी की सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि उनकी सरकार ने 'काम की राजनीति' के रास्ते लोगों को दी गई सभी गारंटियां पूरी कर दी हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा को ठुकराकर हम पर उम्मीदें लगाई थी और हमने लोगों का भरोसा नहीं टूटने दिया। मुख्यमंत्री ने मुख्य उपलब्धियों का जिक्र किया, जिनमें मुफ्त बिजली, किसानों के लिए दिन में बिजली, 78 प्रतिशत खेतों को नहरी पानी, 65,000 सरकारी नौकरियां और 5.5 लाख रोजगार के नए मौके, आम आदमी क्लिनिकों के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की नशा विरोधी अभियान 'युद्ध नशे के विरुद्ध', 1.55 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड निवेश और सड़क सुरक्षा फोर्स के साथ सरकार के इरादे स्पष्ट हैं कि पंजाब के पुनर्निर्माण पर ध्यान दिया जा रहा है। विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि जहां कांग्रेस, अकाली और भाजपा सत्ता की चिंता कर रहे हैं, वहीं आप सरकार पंजाब को बचाने के लिए फिक्रमंद है और राज्य में फूट डालो राजनीति को सफल नहीं होने देगी। आप सरकार के चार साल पूरे होने पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब सरकार ने चार सालों में सभी वादे पूरे करके राजनीति में नई परंपरा कायम



की है, जबकि पारंपरिक पार्टियां पांच सालों में भी ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, साल 2022 में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पैतृक गांव में पदभार संभालने के बाद, पंजाब सरकार ने कई लोक-हितैषी फैसले लिए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आगे कहा, मेरे साथ, लाखों पंजाबियों ने राज्य की पुरानी शान बहाल करने की शपथ ली थी। अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पिछले चार सालों में, पंजाब सरकार ने लोगों की भलाई के लिए अथक मेहनत और समर्पण भावना से प्रयास किए हैं और उनके साथ किए वादे पूरे कर दिए हैं। उन्होंने आगे कहा, आने वाला साल पंजाब को विकास और खुशहाली के एक नए शिखर पर ले जाने के लिए समर्पित होगा। शिक्षा क्षेत्र में बदलाव का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, भारत सरकार के सर्वेक्षण के अनुसार पंजाब के सरकारी स्कूल अब पढ़ाई में देश में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने आगे कहा, सरकारी स्कूलों में अब कोई भी बच्चा फर्श पर नहीं बैठता क्योंकि एक लाख से अधिक डेस्क दिए गए हैं ताकि हर विद्यार्थी सम्मान से पढ़ सके। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आगे कहा, सरकारी स्कूलों में डिजिटल क्रांति के तहत 9,000 से अधिक स्मार्ट क्लासरूम और 5,000 कंप्यूटर लैब खोले गए हैं, जिससे पूरे पंजाब के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा मिल रही है। उन्होंने आगे कहा, पंजाब के इतिहास में पहली बार ठेके पर रखे शिक्षकों को नियमित नौकरियां दी गई हैं और सरकारी स्कूलों को मजबूत करने के लिए 15,000 से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षक फिनलैंड, सिंगापुर और आई.आई.एम. अहमदाबाद में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिससे पंजाब में बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा मिल रही है। उन्होंने आगे कहा, पंजाब के युवाओं को नौकरी ढूंढने वाले नहीं बल्कि नौकरियां पैदा करने वाले बनने के लिए तैयार किया जा रहा है और हर साल लगभग 1.5 लाख कॉलेज विद्यार्थी उद्यमिता और कौशल सीख रहे हैं।

शेष पृष्ठ 3 पर

## भाजपा और चुनाव आयोग मिली-जुली कबड्डी खेलने की कोशिश में हैः सुरेंद्र राजपूत

एजेंसी

**लखनऊ ।** चुनाव आयोग ने चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी। कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को मतदान और 4 मई को परिणाम के बीच गैप पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आयोग और भाजपा को बताना चाहिए कि कहीं कोई मिली-जुली कबड्डी खेलने की कोशिश तो नहीं की जा रही है। आईएएनएस से बातचीत में कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि 9 अप्रैल को चुनाव और 4 मई को रिजल्ट का क्या मतलब है? क्या इसमें भाजपा से साठगांठ है। एक तरफ तो आप कहते हैं कि बैलट पेपर इसलिए हटाए, ईवीएम पर इसलिए किया कि नतीजे तुरंत मिल जाएं। 9 अप्रैल को जिस आदमी ने मतदान किया है, उसका अधिकार है दो दिन में, तीन दिन में, चार दिन में नतीजे आ जाएं, लेकिन 4 मई को नतीजे आ रहे हैं। इन सारे सवालों का जवाब चुनाव आयोग को और भारतीय जनता पार्टी को देना होगा कि कहीं कोई मिली-जुली कबड्डी तो नहीं खेल रहे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा बंगाल के मुख्य सचिव और गृह सचिव को पद से हटाने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि हमें चुनाव आयुक्त से यही अपेक्षा थी। चुनाव आयोग तो बंगाल की सरकार को अपना दुश्मन मानता है, क्योंकिआयोग भाजपा के कहने पर काम कर रहा है। जब हम कई राज्यों के मुख्य सचिव या डीजीपी को लेकर शिकायत करते थे, तो चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। चुनाव आयोग पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करता है, भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में कार्रवाई करता है।

## राहुल गांधी ने अपनी सरकार में कांशीराम को भारत रत्न क्यों नहीं दिलाया : विश्वनाथ पाल

**लखनऊ ।** बसपा नेता विश्वनाथ पाल ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जब उनकी सरकार थी तो उन्होंने कांशीराम को 'भारत रत्न' दिलाने की मांग क्यों नहीं उठाई। अब जब कांग्रेस सत्ता में नहीं है, तो वे नाटक क्यों कर रहे हैं। लखनऊ में आईएएनएस से बातचीत में बसपा नेता विश्वनाथ पाल ने कहा कि मनमोहन सिंह 10 साल सरकार में थे, तो कांशीराम को 'भारत रत्न' क्यों नहीं दिया जब उनकी पार्टी सत्ता में थी, तो उनके चाल-चरित्र को देखें, वे बहुजन के दुश्मन थे। उन्होंने कहा कि एक बात बताइए कि 2014 से भाजपा की सरकार है, लेकिन इसके पहले तो कांग्रेस की ही सरकार थी। बहन जी और हम लोग तो लगातार मांग कर रहे हैं, तो 2014 से पहले जब कांग्रेस की सरकार थी, तो उन्होंने 'भारत रत्न' क्यों नहीं दिया? सत्ता के बाहर हैं तो वे नाटक क्यों कर रहे हैं? भाजपा की सरकार है, तो हम मांग करते हैं कि उन्हें 'भारत रत्न' दिया जाना चाहिए।' 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से पहले कांशीराम को लेकर सपा-कांग्रेस की राजनीति पर बसपा नेता ने कहा कि वो कुर्सी के लिए कुछ भी कर सकते हैं। उनके द्वारा कांशीराम को 'भारत रत्न' दिलाने की मांग को सिर्फ एक ड्रामा कहा जाएगा, नाटक कहा जाएगा। आज उनके इतने बड़े फैन हो गए कि उनका नारा लगा रहे हैं।

## सीएम धामी ने नव नियुक्त स्वच्छता निरीक्षकों को दी बधाई, स्वच्छ और आधुनिक नगर बनाने का आह्वान

**देहरादून ।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में नवनियुक्त स्वच्छता निरीक्षक को हार्दिक बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा राज्य पर्यटन आधारित राज्य है। बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। हम अपने निकायों को स्वच्छ बनाने का संकल्प लें। यही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज से आपके जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है। इस नई जिम्मेदारी के साथ आप सबको बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए आप सब के माध्यम से नवाचार होना चाहिए। आप अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ऐसे करें कि दूसरे निकाय के लोग भी आपकी तारीफ करें। साधन सीमित हो सकते हैं, चुनौतियां बड़ी हो सकती हैं, लेकिन अगर हिम्मत और हौसले हमारे बड़े हैं तो हर रास्ता आसान हो जाता है। इससे हम सबको मंजिल मिल जाती है। सीएम धामी ने आगे कहा कि आज शहरी विकास विभाग के निदेशालय का शिलान्यास किया गया है। लंबे समय से सुंदर भवन बनाने की मांग थी। अब ये बनने वाला है। इस भवन के बनने से एक ही स्थान पर ज्यादातर हमारे कार्यालय हो जाएंगी। हमारी व्यवस्थाएं अच्छी हो जाएंगी। यहां से पूरे राज्य की अच्छी मॉनिटरिंग करने में आसानी हो जाएगी। साथ ही सभी निकायों से संवाद स्थापित होने में आसानी हो जाएगी।

## नई दिल्ली में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मुलाकात

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के बीच राजस्थान में एनईपी-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, अंतरराष्ट्रीय भाषाओं के शिक्षण द्वारा युवाओं को नवीन रोजगारपरक शिक्षा सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन सरकार 'शिक्षित प्रदेश-उन्नत प्रदेश' एवं युवाओं को अवसर प्रदान करने के संकल्प के साथ निरंतर अग्रसर है।

# संभल शाही जामा मस्जिद सर्वे मामले में सुनवाई टली, तीन सप्ताह बाद अगली तारीख

एजेंसी

**संभल ।** उत्तर प्रदेश के संभल स्थित शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर चल रहे विवाद में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई होनी थी, जो टल गई है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद करने का निर्देश दिया है। यह मामला उस याचिका से जुड़ा है, जिसे मुस्लिम पक्ष ने दायर कर इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में निचली अदालत द्वारा संभल की शाही जामा मस्जिद का कोर्ट कमिश्नर के माध्यम से सर्वे कराए जाने के निर्देश को बरकरार रखा था। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि निचली अदालत का इस तरह से सर्वे कराने का अधिकार क्षेत्र नहीं है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, मस्जिद से जुड़े विवाद में कोर्ट कमिश्नर से सर्वे कराने का आदेश देना न्यायिक प्रक्रिया और अधिकार क्षेत्र से परे है, इसलिए इसे रद्द



किया जाना चाहिए। पहले की सुनवाई के दौरान, हिंदू पक्ष की ओर से वकील विष्णु शंकर जैन ने हाईकोर्ट को बताया था कि शाही मस्जिद पहले से ही एक संरक्षित स्मारक है। ऐसे में यहां प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट लागू ही नहीं होता। उन्होंने यह भी दावा किया था कि विवादित स्थल पर मंदिर से जुड़े प्राचीन साक्ष्यों को मिटाया जा रहा है, इसलिए वहां सर्वे कराया जाना जरूरी है।

वहीं, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि कोर्ट कमिश्नर द्वारा कराया जाने वाला सर्वे कानून के दायरे में है और इसमें कोई अवैधता नहीं है। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि यदि कोई स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है, तो उस पर पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 का प्रावधान स्वतः लागू नहीं होता। इसी आदेश को चुनौती देते हुए मुस्लिम पक्ष ने शीर्ष अदालत का रुख किया है। अब हर किसी की नजरें सुप्रीम कोर्ट में होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर आगे क्या कानूनी दिशा तय होती है।

## कैला देवी पदयात्रियों की भीड़ से ब्रह्मवाद रेलवे फाटक पर 3 घंटे से जाम, पुलिस प्रशासन ने की मशक्कत

एजेंसी

**बयाना।** बयाना होकर करौली स्थित कैला देवी मंदिर की ओर जा रहे पदयात्रियों की भारी भीड़ के कारण ब्रह्मवाद रेलवे फाटक पर सोमवार को भीषण जाम की स्थिति बन गई। पिछले करीब 3 घंटे से फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए कैला देवी के दर्शन के लिए जा रहे हैं। यह पदयात्री रुदावल से होते हुए ब्रह्मवाद और बयाना मार्ग से करौली की ओर बढ़ रहे हैं। इसी मार्ग पर आगरा-बयाना रेलवे लाइन का ब्रह्मवाद फाटक पड़ता है, जहां लगातार बढ़ती भीड़ के कारण यातायात बाधित हो गया है। रेलवे ट्रेनों के आवागमन के चलते फाटक को बार-बार बंद और खोलना पड़ रहा है। ऐसे में भारी भीड़ और वाहनों के दबाव के कारण जाम की स्थिति लगातार बनी हुई है। जाम में बयाना से बाड़ी, बसेड़ी, धौलपुर, रुदावल और रूपवास की ओर जाने वाले लोग फंसे हुए हैं। कई वाहन चालक और यात्री घंटों से रास्ता खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

मौके पर पुलिस प्रशासन के जवान मौजूद हैं और जाम को खुलवाने के प्रयास में लगे हुए हैं। पुलिस द्वारा भीड़ को व्यवस्थित कर यातायात सामान्य कराने की कोशिश की जा रही है।

## जनता को पीएम मोदी और एनडीए पर विश्वास, हर जगह लहराएगा भाजपा का परचमः कंगना रनौत

एजेंसी

**शिमला ।** एनडीए के सांसदों ने असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों में जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि जनता को पता है कि कौन सी सरकार इनका विकास कर सकती है, इसीलिए एनडीए को जिताएगी। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने चुनावी तारीखों की घोषणा के बाद कहा, 'हम निश्चित रूप से जीतेंगे। सारे कार्यकर्ता इस काम में जुट गए हैं और हर जगह हम भाजपा का परचम लहराएंगे।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नई परियोजनाओं का उद्घाटन हो रहा है और जनता को भरोसा रखना चाहिए। महंगाई और एलपीजी संकट से संबंधित अफवाहों को गलत बताते हुए जनता से प्रधानमंत्री पर विश्वास रखने की अपील की।

कंगना ने कहा कि जनता विपक्ष के बहकावे में नहीं आने वाली है। जनता को एनडीए की सरकार और प्रधानमंत्री पर विश्वास है। विपक्ष को जनता के हित में सोचना चाहिए। एलपीजी आपूर्ति को लेकर केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि सरकार इस समस्या से निपटने के लिए वैकल्पिक उपाय तलाश रही है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें आलोचना करने के बजाय जनता के खाने-पीने के मामलों में सहयोग देना चाहिए।

सुरेश गोपी ने पश्चिम एशिया के मुद्दे के कारण उत्पन्न कठिनाई का हवाला देते हुए जनता से संयम और अच्छे नतीजों की प्रतीक्षा करने का आग्रह किया। पश्चिम बंगाल चुनाव की तैयारियों और प्रशासनिक निर्णयों पर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने चुनाव आयोग की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कुछ अफसर ईडी की छापेमारी में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं और ऐसे अफसरों को हटाना जरूरी था।



उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वह प्रशासनिक पदों का इस्तेमाल अपने राजनीतिक हित में करती हैं। भाजपा पूरी तरह तैयार है और पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने के लक्ष्य के प्रति आश्वस्त है।

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि भाजपा इन राज्यों में उम्मीदवार उतारेगी या समर्थन देगी और उम्मीद है कि एनडीए सत्ता में आएगा। आठवले ने असम और पुडुचेरी में पुनः जीत की उम्मीद जताई और पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु व केरल में भी अच्छे प्रदर्शन की संभावना व्यक्त की।

## जलगांव के चालीसगांव में युवक पर फायरिंग, इलाके में मचा हड़कंप

एजेंसी

**जलगांव ।** महाराष्ट्र के जलगांव में स्थित चालीसगांव शहर के हनुमानवाड़ी इलाके में रेलवे ब्रिज के नीचे करीब 10 बजे फायरिंग की घटना हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, हनुमानवाड़ी इलाके में रेलवे ब्रिज के नीचे किसी अज्ञात व्यक्ति ने सिकंदर शेख पर गोली चलाई। कंधे में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल सिकंदर शेख को तुरंत इलाज के लिए देवरे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर चालीसगांव शहर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और इलाके का मुआयना करके जांच शुरू कर दी। घटना की सही वजह और फायरिंग किसने की, इस बारे में अभी कोई साफ जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन पुलिस आगे की जांच कर रही है। इस घटना से हनुमानवाड़ी



इलाके में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया था। पुलिस संदिग्धों की तलाश कर रही है। घटना के दूसरे दिन सोमवार को चालीसगांव डिवीजन के डिप्टी एसपी विजय कुमार ठाकुरवाड, एपीआई शंकर मोटे, पीएसआई योगेश माली और उनकी टीम ने अस्पताल पहुंचकर जख्मी सिकंदर शेख का बयान दर्ज किया। पुलिस ने बयान के आधार पर चालीसगांव शहर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज करने की कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसके साथ ही पीड़ित युवक के दोस्त और परिजनों से बातचीत कर हमलावर के बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है, जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, युवक का इलाज करने वाली डॉक्टर जयवंत देवी ने बताया कि रात को ही ऑपरेशन करके युवक के कंधे से गोली निकाली गई। उसकी जान को कोई खतरा नहीं है। फिलहाल, उसका यहां इलाज चल रहा है। अब युवक की हालत सामान्य है।

# असम में 18 तारीख को उम्मीदवारों की घोषणा करेगी भाजपाः हिमंता बिस्व सरमा

एजेंसी

**गुवाहाटी ।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी असम विधानसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की पूरी सूची 18 मार्च को जारी करेगी। असम में 9 अप्रैल को विधानसभा चुनाव की वोटिंग होगी। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि पार्टी अपने सभी उम्मीदवारों की एक ही सूची जारी करेगी। उनकी इस बात से संकेत मिलता है कि भाजपा ने चुनाव के लिए अपनी रणनीति को काफी हद तक अंतिम रूप दे दिया है। सीएम सरमा ने कहा कि 18 मार्च को सभी उम्मीदवारों की सूची जारी होगी। पूरी सूची एक साथ घोषित की जाएगी। हिमंता बिस्व सरमा आगामी विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के संबंध में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण चर्चा करने के लिए आज नई दिल्ली जा रहे हैं। मुख्यमंत्री



ने यह भी संकेत दिया कि वे आगामी विधानसभा चुनावों के लिए 20 मार्च को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

मुख्यमंत्री सरमा ने सोमवार को गुवाहाटी के बाहरी इलाके रानी स्थित दुर्गा मंदिर का दौरा किया और नई दिल्ली रवाना होने से पहले पूजा-अर्चना की। चुनाव से पहले सीएम सरमा ने मंदिर में आशीर्वाद लिया। बीते दिन चुनाव आयोग ने असम सहित बाकी राज्यों के विधानसभा चुनावों की तारीख की घोषणा की थी। 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान नौ अप्रैल को एक ही चरण में होगा। जबकि चार मई को मतगणना होगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद, राज्य भर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं, क्योंकि पार्टियां उम्मीदवारों के चयन और चुनाव प्रचार रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुट गई हैं।

राज्य में वर्तमान में सत्ताधारी भाजपा, अपने सहयोगी दलों - असम गण परिषद (एजीपी) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेगी। सूत्रों के अनुसार, गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय हो गया है और भाजपा संभवतः 126 सदस्यीय विधानसभा में 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बाकी सीटें उसके सहयोगी दलों एजीपी और बीपीएफ को दी जाएंगी।पिछले कुछ हफ्तों से, हिमंता बिस्व सरमा और अन्य भाजपा नेता पार्टी की तैयारियों का आकलन करने और विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में संभावित उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने के लिए कई संगठनात्मक बैठक कर रहे हैं। उम्मीदवारों की घोषणा से एक बड़ा राजनीतिक माहौल बनने की उम्मीद है। विपक्षी कांग्रेस ने पहले ही अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करना शुरू कर दिया है और पूरे राज्य में चुनावी अभियान तेज कर दिया है।

## बार काउंसिल चुनाव : चंडीगढ़ ज़िला अदालत में 17 और 18 मार्च को रहेगा नो वर्क डे

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा बार काउंसिल के चुनावों के मद्देनज़र चंडीगढ़ ज़िला बार एसोसिएशन की तरफ से 17 और 18 मार्च 2026 को 'नो वर्क डे' मनाने का ऐलान किया गया है। यह फैसला वकीलों को अपने वोट का इस्तेमाल करने की सुविधा देने के लिए लिया गया है। सेक्टर 43 स्थित ज़िला अदालत कॉम्प्लेक्स की बार एसोसिएशन की तरफ से 16 मार्च को जारी किए गए नोटिस नंबर 1306/2026 में इस बात की पुष्टि की गई है। एसोसिएशन के प्रधान अशोक चौहान, उपाध्यक्ष संदीप गुर्जर, सचिव अमीश शर्मा, संयुक्त सचिव पूजा दीवान, खजांची उज्जवल भसीन और लाइब्रेरी सचिव अरुण जांगड़ा की तरफ से समूह न्यायिक अधिकारियों को इस फैसले में सहयोग देने की अपील की गई है। ये चुनाव पंजाब, हरियाणा और यू.टी. चंडीगढ़ में एक ही समय करवाए जा रहे हैं। एसोसिएशन की कार्यकारिणी कमेटी के सदस्यों भारती रानी, राजेश शर्मा, विवेक शर्मा, अंशुल जिंदल, मंजू सागर, गुरचरन सिंह कौशल, हिमांशु वर्मा और मीनाक्षी ने भी इस चुनाव प्रक्रिया का समर्थन किया है। ज़रूरी अदालती कामकाज को चलता रखने के लिए बार एसोसिएशन की तरफ से अलग-अलग मंज़िलों पर प्रॉक्सी वकीलों और क्लर्कों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है जो 17 और 18 मार्च को अदालती कमरों में हाज़िर रहेंगे। पहली मंज़िल के लिए वकील दिनेश बधवार और अरुण भाटिया के साथ क्लर्क काका राम और विजय शर्मा तैनात रहेंगे। दूसरी मंज़िल की ज़िम्मेदारी वकील विवेक कुमार शर्मा और अभिषेक चौहान संभालेंगे, जबकि उनके साथ क्लर्क अनिल कुमार, मनोज कुमार और जय प्रकाश मौजूद होंगे।

## अगर सरकारी स्कूल अच्छे हैं तो 'आप' के विधायक अपने बच्चों को वहां क्यों नहीं भेजतेः अमरिंदर सिंह

**चंडीगढ़ ।** पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने सोमवार को भगवंत मान सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले जो नेता सरकारी स्कूलों की वकालत करते थे, आज वही अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर उन्होंने आम आदमी पार्टी के विधायकों से सीधे सवाल भी पूछे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अपने बच्चों को किस स्कूल में पढ़ाना है, यह पूरी तरह किसी भी माता-पिता के लिए व्यक्तिगत फैसला होता है और इसमें किसी को दखल नहीं देना चाहिए। हर परिवार अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर यह निर्णय लेता है, लेकिन उन्होंने यह भी याद दिलाया कि सत्ता में आने से पहले आम आदमी पार्टी के नेता अक्सर विपक्षी नेताओं से यही सवाल पूछा करते थे कि अगर सरकारी स्कूल इतने अच्छे हैं तो उनके बच्चे वहां क्यों नहीं पढ़ते।

## चुनावी तारीखें और चरण भाजपा की सहूलियत के हिसाब से बनते हैं : प्रियंका गांधी वाड्रा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विपक्ष के सांसद चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर तारीखों के ऐलान का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि चुनावी तारीखें और चरण भाजपा की सहूलियत के हिसाब से बनते हैं। चुनाव आयोग की घोषणा निष्पक्ष नहीं है और इसमें सत्तारूढ़ दल की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि केरल का चुनाव उनके लिए महत्वपूर्ण चुनौती है। उन्होंने बताया कि पिछली बार सीपीएम नेतृत्व वाली वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सत्ता में लौटी थी, जबकि पिछले कई दशकों में सत्ता बारी-बारी से दो प्रमुख फ्रंट के बीच रही है।

थरूर ने कहा कि कांग्रेस इस बार सरकार बदलने की पूरी कोशिश करेगी। उन्होंने उम्मीदवारों की घोषणा जल्द होने और अंतिम दो हफ्तों में प्रचार के लिए अपनी उपस्थिति कम होने की संभावना जताई। कांग्रेस सांसद जेबी माथेर



ने कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ एलडीएफ सरकार ने राज्य का कुप्रबंधन किया और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। कांग्रेस संगठनात्मक रूप से इस चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि अधिकारी अक्सर राज्य सरकारों से जुड़े होते हैं, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर असर पड़ता है। सांसद प्रमोद तिवारी ने भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के लिए सुविधाजनक निर्णय करता है।

सांसद उज्ज्वल रमन सिंह ने कहा कि यदि चुनाव निष्पक्ष होंगे तो हमारा अच्छा प्रदर्शन रहेगा। आयोग को निष्पक्ष चुनाव कराना चाहिए, अभी तक यह देखने को नहीं मिलता है, शायद अब दिखाई दे। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने आम जनता की मुश्किलों की ओर ध्यान खींचते हुए कहा कि पहले नोटबंदी, फिर कोविड-19 और ऑक्सीजन की कमी के बाद अब गैस सिलेंडर की किल्लत लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है। वहीं, सपा सांसद राजीव राय ने लोकसभा अध्यक्ष के पत्र पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि स्पीकर के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करनी चाहिए।

# रामनवमी पर गूंजेगी शहनाई, गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण समाज का छठा सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 मार्च को

एजेंसी

**लालसोट (दौसा)।** समाज में फिजूलखर्ची रोकने और सामूहिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण समाज, लालसोट के तत्वावधान में आगामी 26 मार्च (रामनवमी) को षष्ठम (6ठा) सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियाँ जोरों पर हैं और समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की है। विवाह समिति के अध्यक्ष जगदीश तिवाड़ी (राजौली) और संयोजक पंडित देवी शंकर शर्मा (प्रदेश अध्यक्ष, गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण फाउंडेशन) के नेतृत्व में एक विशाल टीम इस आयोजन को सफल बनाने में जुटी है। इस सम्मेलन में जिले के प्रमुख गणमान्य नागरिक, भामाशाह और चाणक्य छात्रावास व परशुराम धर्मशाला समितियों के पदाधिकारी भी संरक्षक और अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन का आयोजन पीएमश्री अशोक शर्मा रा.उ.मा.वि. लालसोट के खेल मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार हैः

**तेल विनायक : सुबह 7:15 बजे**

मण्डप स्थापना : सुबह 8:15 बजे



बारात निकासी : सुबह 11:15 बजे

पाणिग्रहण संस्कार (फेरे ) : दोपहर 12:15 बजे

प्रीतिभोज : दोपहर 12:00 से सायं 5:00 बजे तक

विदाई समारोह : सायं 5:15 बजे

उपहारों की बौछार : नव-दंपतियों को मिलेगा गृहस्थी का पूरा सामान

समाज की ओर से प्रत्येक जोड़े को आशीर्वाद स्वरूप बहुमूल्य उपहार भेंट किए जाएंगे, जिनमें शामिल हैंः

आभूषणः सोने का मंगलसूत्र, कान की बाली, नाक की बाली, और चांदी की पायजेब व चिटकी।

इलेक्ट्रॉनिक्स व फर्नीचरः फ्रीज, कूलर, स्मार्ट टीवी, मिक्सी, प्रेस, डबल बेड (गद्दे-तकिए सहित), ड्रेसिंग टेबल और सिलाई मशीन।

रसोई का सामानः गैस चूल्हा, प्रेशर कुकर, ओवन और आवश्यक बर्तनों का सैट।

पंजीकरण और अनिवार्य शर्तेंसम्मेलन में शामिल होने के लिए समाज ने कुछ महत्वपूर्ण नियम निर्धारित किए हैंः

आयु सीमाः सरकार के नियमानुसार वर की आयु 21 वर्ष और वधु की 18 वर्ष होना अनिवार्य है।

शुल्कः वर पक्ष के लिए 21,000 रुपये और वधु पक्ष के लिए मात्र 101 रुपये पंजीकरण शुल्क रखा गया है।

दस्तावेजः आयु प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड और वर-वधु की फोटो अनिवार्य है।

विशेष शर्तः वधु का स्वयं बैंक में खाता होना चाहिए, जो जन आधार से लिंक हो। साथ ही 50-50 रुपये के शपथ-पत्र पर माता-पिता के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।

यह आयोजन न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा है, बल्कि समाज को एकजुट करने की एक बड़ी पहल भी है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जब दर्जनों जोड़े एक साथ विवाह के बंधन में बंधेंगे, तो लालसोट की धरती पर एक अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

## श्रीनगर में ट्यूलिप शो-2026 का शुभारंभ, 18 लाख से अधिक ट्यूलिप फूलों से सजावट

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही विश्व प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन रंग-बिरंगे फूलों से सज गया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को ट्यूलिप शो 2026 श्रीनगर का औपचारिक उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम श्रीनगर स्थित प्रसिद्ध इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन में आयोजित किया गया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने ट्यूलिप गार्डन का भ्रमण भी किया और वहां खिले रंग-बिरंगे फूलों का अवलोकन किया। इस वर्ष गार्डन में 70 से अधिक किस्मों के करीब 18 लाख ट्यूलिप लगाए गए हैं, जो घाटी के वसंतकालीन सौंदर्य को और भी आकर्षक बना रहे हैं। इसके अलावा, गार्डन में लगभग एक लाख अन्य बल्ब वाले फूल भी लगाए गए हैं। इनमें डैफोडिल, हायसिंथ और नरगिस जैसे कई ऐसे फूल शामिल हैं, जो पूरे बगीचे को विविध रंगों और सुगंध से भर रहे हैं। इन फूलों की वजह से कश्मीर की वादियों में वसंत का नजारा और भी मनमोहक हो गया है। फूलों का





यह शानदार नजारा यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक बेहतरीन अनुभव साबित होगा। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने देश और दुनिया भर के पर्यटकों से अपील की कि वे वसंत के मौसम में जम्मू-कश्मीर घूमने आएं और यहां की बेमिसाल प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करें। जम्मू-कश्मीर मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए एक पोस्ट में लिखा, 'मुख्यमंत्री ने आज श्रीनगर के ट्यूलिप गार्डन में ट्यूलिप शो-2026 का उद्घाटन किया और उद्यान का भ्रमण किया। इस वर्ष, 70 से अधिक किस्मों के लगभग 18 लाख ट्यूलिप के साथ-साथ डैफोडिल, हायसिंथ और नरगिस जैसे लगभग एक लाख अन्य कंदयुक्त फूल लगाए गए हैं, जिससे घाटी की वसंतकालीन सुंदरता में रंग भर गए हैं। 'एक्स पोस्ट में आगे लिखा गया, 'मुख्यमंत्री ने देश और दुनिया भर के पर्यटकों से वसंत ऋतु में जम्मू-कश्मीर आने और इसकी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करने की अपील की। '

